अव्यवस्था | ट्रैफिक सिग्नल होने के बावजूद कई वाहन चालक नियम तोड़ते हुए दिखाई दिए

# चौराहों से यातायात पुलिस गायब, वाहन चालक बने मर्ज़ी के मालिक

**नवभारत, जबलपुर।** शहर के बड़े चौराहों पर यातायात और कानून व्यवस्था पूरी तरह आव्यवस्थित नजर आ रही है। मंगलवार को नवभारत द्वारा किए गए सर्वे गई में सामने आया कि दोपहर 2 बजे के बाद तीन पत्ती चौक पर वाहनों का दबाव बढ़ जाता है। ट्रैफिक सिग्नल होने के बावजूद कई वाहन चालक नियम तोड़ते हुए दिखाई दिए। हैरानी की बात तो यह थी कि इस चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस स्टाफ मौजूद नहीं था, जिससे कारण जाम की स्थिति बनती रही। वहीं दोपहर 2:30 बजे ब्लूम चौक पर भी दोपहिया और चारपहिया वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। गलत दिशा से वाहन निकालने के कारण कई बार जाम की स्थिति बनती नजर आई। लेकिन इस चौराहे में भी कोई पुलिस का जवान नज़र नहीं आया।

### बाकी चौराहों का भी यही हाल

मंगलवार दोपहर करीबन 3:15 बजे रामपुर चौक पर बाजार क्षेत्र की भीड़ के चलते यातायात पूरी तरह प्रभावित दिखा। चौराहे पर ट्रैफिक पुलिसकर्मी नजर नहीं आए, इस चौराहे में ट्रैफिक सिग्नल का भी ना होना एक बड़ा नकारात्मक पहलू है। शाम 4 बजे राजीव गांधी चौक पर पीक आवर्स शुरू होते ही लंबा जाम लगना शुरू हो जाता है। ऑटो और दोपहिया वाहनों की भीड़ के कारण कई मिनटों तक ट्रैफिक रेंगता रहता। वही शाम 5 बजे रद्दी चौकी क्षेत्र में सबसे ज्यादा अव्यवस्था देखने को मिलती है ऑफिस के समय वाहनों की बड़ी लंबी कतार लग जाती है और पूरा क्षेत्र जाम की चपेट में आ जाता है। कई वाहन चालक ट्रैफिक सिग्नल के नियमों का न पालन करके तेजी से निकलते दिखाई दिए, जिससे दुर्घटना का खतरा बनता है। जिम्मेदार कर्मचारियों की अनुपस्थिति के कारण वाहन चालक अपनी मनमर्जी से वाहन चलाते नजर आए। कहीं लोग रेड सिग्नल तोड़ते दिखाई दिए तो कहीं गलत दिशा से वाहन आते-जाते दिखाई दिए। इसके चलते चौराहों पर बार-बार जाम की स्थिति बनती रही और राहगीरों को सड़क पार करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### सिग्नल तोड़ते वाहन चालक

कई वाहन चालक रेड लाइट होने के बावजूद तेजी से निकल जाते हैं। खासकर दोपहिया वाहन चालक नियमों की अनदेखी करते हुए गलत दिशा से भी आते-जाते दिखाई दिए, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। वही स्थानीय लोगों का कहना है कि कई चौराहों पर लंबे समय तक कोई ट्रैफिक पुलिसकर्मी नजर नहीं आता। ऐसे में लोग बिना किसी डर के नियम तोड़ते रहते हैं और व्यवस्था बिगड़ती जाती है। बता दे कि सुबह ऑफिस और स्कूल टाइम के दौरान तथा शाम को इन चौराहों पर सबसे ज्यादा ट्रैफिक लग जाता है। जिसके कारण घण्टों लोगो को जाम में फंसे रहना पड़ता है। कई बार एम्बुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहन भी जाम में फंस जाते हैं।

### इनका कहना है

अभी 7 से 8 दिनों से अवकाश पर हूं। मुझे इस बात की जानकारी नहीं है कि इन चौराहों पर यातायात व्यवस्था संभालने के लिए किस जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है।

**बैजनाथ प्रजापति**
**उप पुलिस अधीक्षक, यातायात**

# सिर्फ जनसंख्या के आधार पर नहीं कह सकते कि ओबीसी आरक्षण बढ़ाएंगे

**सामान्य वर्ग की ओर से ओबीसी आरक्षण के विरोध में पेश की गई दलील**

**हाईकोर्ट में अंतिम स्तर की सुनवाई शुरु, आज भी जारी रहेगी बहस**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ के समक्ष बुधवार को अन्य पिछड़ा वर्ग, ओबीसी आरक्षण के मामले पर दायर 86 याचिकाओं पर तीन दिवसीय अंतिम स्तर की सुनवाई शुरू हुई। सर्वप्रथम सामान्य वर्ग की ओर से ओबीसी आरक्षण के विरोध में तर्क दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अमन लेखी ने कहा कि जनसंख्या के आधार पर यह नहीं कहा जा सकता कि ओबीसी आरक्षण बढ़ाएंगे। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी केस का हवाला देते हुए कहा कि बिना किसी अध्ययन के अचानक इस तरह का फैसला लिया जाना गलत है। न्यायालय ने तर्कों को संज्ञान में लेकर आज गुरुवार को दोपहर तीन बजे से आगे की सुनवाई करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 में अशिता दुबे व अन्य की ओर से दायर याचिका में ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण बढ़ाकर 27 प्रतिशत किए जाने को चुनौती दी गई थी। इसके बाद से लगातार ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के पक्ष और विपक्ष में याचिकाएं दायर हुईं। इस मामले की सुनवाई 27, 28 और 29 अप्रैल को लगातार होनी थी, लेकिन दूसरे दिन ही तकनीकी कारणों के चलते यह टल गई। 27 अप्रैल को कोर्ट ने सभी पक्षों के अधिवक्ताओं के लिए बहस की समय-सीमा तय कर दी थी। इसके बाद 28 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने हाईकोर्ट में बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज राज्य शासन की ओर से पक्ष रखेंगे। बुधवार को महाधिवक्ता प्रशांत सिंह मामले की सुनवाई में नहीं पहुंचे। ओबीसी वर्ग की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ने इस पर कहा कि सरकार इस मामले में उदासीनता बरत रही है। किसी न किसी बहाने अब तक 60 बार सरकार सुनवाई आगे बढ़वा चुकी है।

### ओबीसी के होल्ड अभ्यर्थियों ने किया प्रदर्शन

दूसरी ओर ओबीसी आरक्षण के होल्ड अभ्यर्थियों को पुलिस ने कोर्ट परिसर में जाने से रोक दिया। ओबीसी के कई अभ्यर्थियों ने महाधिवक्ता के निवास के समक्ष घेराव के बाद हाईकोर्ट परिसर तक तख्ती लेकर प्रदर्शन करते हुए पैदल सफर किया। ओबीसी के होल्ड अभ्यर्थियों को मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट में सुरक्षा अधिकारियों ने प्रवेश करने से रोक दिया। आक्रोशित प्रदर्शनकारी महाधिवक्ता को लेकर जमकर नारेबाजी कर रहे थे। चेतावनी दे रहे थे कि महाधिवक्ता को न हटाए जाने पर उग्र आंदोलन करेंगे। इसके बाद महाधिवक्ता के चेम्बर में उनका प्रतिनिधि मंडल मिलने भी गया। महाधिवक्ता ने भरोसा दिलाया कि अन्याय नहीं होने देंगे, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

# ब्याज का लालच देकर हड़पे 6 .30 लाख

**महिला पर अमानत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज**

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत शिव नगर निवासी एक महिला को ब्याज देने का लालच देकर 6 लाख 30 हजार रूपए हड़प लिए गए । पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी महिला के खिलाफ आमनत में ख्यानत का प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस के मुताबिक पूनम बर्मन 30 वर्ष निवासी शिव नगर ने रिपोर्ट दर्ज करयी कि करीब ढाई वर्ष से अपने मायके में माता पिता के साथ रहकर पड़ोस में रहने वाली अंजू पांडेय के यहां विगत करीब एक वर्ष से साफ-सफाई एवं खाना बनाने का काम करती आ रही है। बैंक खाता केनरा बैंक शाखा अधारताल एवं यूको बैंक शाखा अधारताल में है। करीब 5-6 माह पूर्व अंजू पांडेय के यहां काम के दौरान उसके पूछने पर उसने बताया था कि उसके माता पिता बहन एवं दादी सभी के काम का पैसा उसके खाते में जमा होता है तो अंजू ने कहा कि अपने बैंक खाते में जमा पैसे मुझे 45 माह के लिये निकलवा कर दे दो, मैं तुम्हे ब्याज सहित बढ़ा कर दे दूंगी, उसे लालच दिया तो उसने अंजू पांडेय के झांसे में आकर कुल राशि 6,30,000 रूपये अंजू पांडेय को दिये थे। जब उसने अंजू पांडेय से उसके घर में काम के दौरान अपने दिये हुये 6,30,000 रूपये मांगी तो अंजू पांडेय ने उसके साथ मारपीट की और पैसे देने से मना कर दिया ।

# हथियारों से लैस दो पक्ष भिड़े, 10 घायल, 4 बाइकों में तोड़फोड़

**अधारताल में बलवा : काउंटर केस दर्ज**

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत सुभाष नगर भड़पुरा, काली मंदिर रोड पर मकान खरीदने पर उपजे विवाद पर हथियारों से लैस दो पक्ष भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने बलवा करते हुए एक दूसरे पर चाकू , तलवार, डंडा से हमला कर दिया । जिसमें दस लोग घायल हो गए । टकराव के दौरान करीब चार बाइकों में भी तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर दोनों पक्षों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है । पुलिस के मुताबिक बुधवार को रेणु उर्फशकुंतला पटेल 23 वर्ष निवासी भड़पुरा अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह अपनी मामी सावित्री पटैल के यहां रह कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही है मामी की किराना दुकान है जिसे मामी एवं मामी के बच्चे चलाते हैं। उसका रिश्ते का भाई पियूष पटेल दुकान बंद कर रहा था उसी समय सुमित पटेल पिता नरेश पटेल अपने साथी पंकज काछी के साथ दुकान पर आया और पियूष से बोला कि मकान दुकान किसने खरीदा है पियूष ने बताने से मना किया इसी बात पर सुमित पटैल अपने दोस्त के साथ मिलकर पियूष के साथ विवाद करने लगा तो उसने कहा कि हमने मकान दुकान खरीदी है तुम्हें क्या परेशानी तभी सुमित पटेल ने आसपास खड़े अपने दोस्तों को आवाज लगाकर बुलाया वह मामी सावित्री पटेल को बुलाई, सुमित पटैल व सुमित के साथी सुभाष नगर निवासी सुमित पटेल, आदित्य सिंह, राहुल पटेल, शिवचरन पटैल व अन्य 3-4 लोग हाथों में तलवार, डंडे, चाकू, बेसबाल के डंडे लिये विवाद करने लगे। इसके बाद अचानक हमला कर दिया जिससे पियूष, मामा राजकुमार, अनुज, मामी सावित्री एवं उसे चोटें आ गई। उसके मामा राजकुमार पटेल की ज्यूपिटर स्कूटर क्रमांक एमपी 20 एस एच 2365 में भी तोड़फोड़ की गई। वहीं सुमित पटेल पिता नरेश पटेल 22 वर्ष निवासी सुभाष नगर भड़पुरा, काली मंदिर रोड अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लकी ने उसके साथ हाथापाई की व हाथ में पहने कड़े से मारपीट की। लल्ली पटेल का भाई अनुज पटेल, आयुष पटेल, पिता, व माता सावित्री पटेल, मोहल्ले के अन्य 5-6 लोग अपने हाथों में डंडा, तलवार एवं चाकू, लेकर आ गए ।इसके बाद सभी ने उस पर एवं उसके साथी राहुल पटेल, पंकज कांछी, सुमित पटेल पर हमला कर सभी को चोट पहुंचा दी। लल्ली की मां सावित्री पटेल ने लोहे की कढ़ाई से उसके साथी शिवचरण पटैल एवं किस्सू पटैल को मारकर चोट पहुंचाई। इसके बाद मोटर सायकिल क्रमांक एमपी 20 एस वाई 3313, बाइक क्रमांक एमपी 20 एम व्ही 0127 एवं एमपी 20 जेड जे 5780 में तोड़फोड़ की गई।

# ठगों ने खातों से उड़ाई लाखों की रकम

**बरेला थाने में दर्ज हुई एफआईआर**

**जबलपुर।** साइबर ठगों ने बुजुर्ग व युवक के खातों से लाखों रूपए की रकम उड़ा ली। बरेला थाने में पीड़ितों ने दो एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिकप्रमोद कुमार कोरी 53 वर्ष निवासी नीमखेडा ने लिखित शिकायत की कि जब उसने पास बुक में एंट्री कराई तो उसे पता चला कि उसके 2 बैंक एकाउंट स्टेट बैंक ऑफतिलहरी से 8 बार में कुल 99 हजार 220 रूपये , एवं बैंक ऑफ इंडिया सिविल लाईन के खाते से 2 लाख 85 हजार रूपये कुल 3 लाख 84 हजार 220 रूपए अज्ञात ने निकाल लिए। उसके द्वारा न किसी को आटोपी बतायी गयी और न ही कोई लिंक को क्लीक किया गया है।

इसी प्रकार थाने में सचिन श्रीवास 34 वर्ष निवासी किसानी मोहल्ला वार्ड न 02 बरेला ने लिखित शिकायत की कि उसका एसबीआई बैंक एवं सैंट्रल बैंक आफइंडिया में खाता है। यूपीआई के माध्यम से उसके एसबीआई बैंक के खाते से 36000 रूपए अर्जुन कुमार गोतम के नाम से एवं सैंटल बैंक आफइंडिया के खाते से एक लाख रूपए मंगल सिंह के नाम से ट्रांजेक्शन किए गए है।

# मंदिर के पास मिला युवक का शव

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत खेरमाई मंदिर के पास एक युवक की लाश बरामद हुई। सूचना पर मौके पर पहुंची ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है ।खमरिया थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि जागेश्वर चक्रवर्ती 38 वर्ष निवासी बड़ा पत्थर आटा चक्की के पास रहता था। मंगलवार सुबह घर से निकला था जो घर वापस नहीं आया था। बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे खेरमाई मंदिर के सामने नाले के पास वेस्टलेंड खमरिया में मृत अवस्था में पड़ा मिला । जिसकी आंख के पास व गले में रगड़ चोट के निशान हैं ऐसा प्रतीत होता है कि शराब के नशे में गिरने पड़ने से भी चोटें आ सकती हैं। फिलहाल मौत किन परिस्थितियों में हुई और इसके पीछे क्या कारण रहे, इसका पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# रेल सुरक्षा बल ने नाबालिग बालक को संरक्षण प्रदान किया

**जबलपुर, नवभारत।** रेल सुरक्षा बल पोस्ट जबलपुर द्वारा ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के अंतर्गत एक नाबालिग बालक को सुरक्षित संरक्षण प्रदान कर सराहनीय कार्यवाही की गई। मंगलवार 12 मई को स्टेशन प्रबंधक वाणिज्य संजू जायसवाल द्वारा सूचना दी गई कि जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक-1 पर एक नाबालिग बालक लावारिस अवस्था में मिला है। सूचना प्राप्त होने पर आरपीएफ स्टाफ तत्काल मौके पर पहुंचा एवं बालक से पूछताछ की गई, परंतु उसके द्वारा संतोषजनक जानकारी नहीं दी गई। बालक को सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु आरपीएफ पोस्ट लाया गया, जहां आवश्यक पूछताछ और कागजी कार्यवाही एवं चिकित्सीय परीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण की गई। तत्पश्चात प्रकरण को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी गोकलपुर, जबलपुर के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कमेटी के निर्देशानुसार बालक को नियमानुसार शासकीय बाल गृह, गोकलपुर में सुरक्षित सुपुर्द किया गया।

# जबलपुर डिस्कॉम ने लागू की नई पावर क्वालिटी मॉनिटरिंग व्यवस्था

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उच्च दाब बिजली उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, स्थिर एवं बाधारहित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नई पावर क्वालिटी मॉनिटरिंग व्यवस्था लागू की गई है।

नई व्यवस्था के तहत अब एचटी,ईएचटी उपभोक्ताओं के परिसरों में विशेष पावर क्वालिटी मीटर लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। इससे वोल्टेज उतार-चढ़ाव, बार-बार ट्रिपिंग, फ्रीक्वेंसी असंतुलन एवं अन्य तकनीकी समस्याओं की समय रहते पहचान कर सुधार किया जा सकेगा।

### उपभोक्ताओं को होंगे सीधे लाभ

नई व्यवस्था लागू होने से अधिक स्थिर एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति मिलेगी, वोल्टेज उतार-चढ़ाव में कमी आएगी, बार-बार ट्रिपिंग एवं तकनीकी व्यवधानों में कमी होगी और साथ ही शिकायतों के त्वरित समाधान में सहायता मिलेगी।

# आयुष हत्याकांड : आरोपियों ने थाने में किया सरेंडर

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना अंतर्गत शाहीनाका चौराहा में मंगलवार को दिनदहाड़े उधारी के पैसे मांगने पर उपजे विवाद पर चाकू से गोदकर आयुष उर्फ निक्की साहू की हत्या करने वाले आरोपियों ने थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया है। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

विदित हो कि आयुष उर्फ निक्की साहू पिता नारायण प्रसाद साहू निवासी शाही नाका संजीवनीनगर ने रोहन पटेल को 6 माह पहले 15 हजार रुपये उधार दिये थे। मंगलवार दोपहर 1:30 बजे शाहीनाका चौराहा अम्बा टेंट हाउस के पास आयुष ने पैसे मांगे तो रोहन पटेल, आयुष श्रीपाल ने साथी नाबालिग के साथ मिलकर चाकू से ताबड़तोड़ कर दिए थे । हमले में आयुष को चोटें आ गई थी और हमलावर मौके से फरार हो गए थे इसके बाद आयुष को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डॉक्टर ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर हत्या का प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की। सूत्रों के मुताबिक हत्याकांड को अंजाम देने के बाद फरार हुए आरोपियों ने संजीवनी नगर थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने तीनों की गिरफ्तारी दर्ज की है।

# स्वच्छता पर फीडबैक दें : श्रेया

जबलपुर, नवभारत। राष्ट्रीय बालश्री पुरस्कार विजेता एवं नगर निगम, जबलपुर की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर श्रेया खंडेलवाल ने सभी नागरिकों से सकारात्मक स्वच्छता फीडबैक देने का निवेदन किया है। इससे स्वच्छता सर्वेक्षण में हम अपनी रैंक को और बेहतर कर सकते हैं। क्यू आर कोड को स्कैन करके या दिए गए लिंक पर क्लिक करके पॉजिटिव फीडबैक देना है। साथ ही घरों और दुकानों में गीले और सूखे कचरे को अलग- अलग डस्टबीन में इकट्ठा करके कचरे वाली गाड़ी में ही डालना है। शहर की स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के लिए भी नगर निगम की ओर से काफ़ी प्रयास किए जा रहे हैं। मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि इनको मेंटेन करने और निगरानी के लिए आप सब अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन तथा सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

# अधिकारियों की लापरवाही से नहीं मिल रहा क्रमोन्नत वेतनमान

**नवभारत,जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, देवेंद्र पचौरी, आलोक अग्निहोत्री,नरेश शुक्ला, प्रशांत सौंधिया, राजा राम डेहरिया ने प्रदेश शासन के आदेशानुसार तत्काल क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ समस्त कर्मचारियों को देने की मांग की है। संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि अधिकारियों की लापरवाही से नहीं मिल कर्मचरियों को क्रमोन्नत वेतनमान नहीं मिल रहा है। बताया जा रहा है कि स्कूल शिक्षा विभाग के कर्मचारियों को चतुर्थ क्रमोन्नत वेतनमान का लाभ दिनांक 01.07.2023 से मिलना है। विदित हो कि शिक्षक संवर्ग को क्रमोन्नति योजना अंतर्गत 12 वर्ष, 24 वर्ष एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय क्रमोन्नति वेतनमान स्वीकृत किया गया था। राज्य शासन द्वारा सहायक शिक्षकों एवं शिक्षकों तथा नवीन शैक्षणिक संवर्ग के प्राथमिक शिक्षकों एवं माध्यमिक शिक्षकों को निरंतर 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत चतुर्थ क्रमोन्नति वेतनमान की स्वीकृति की गई है। करीबन दो माह पहले शासन ने जारी कर दिया है लेकिन विभाग के अधिकारियों द्वारा क्रमोन्नत मान स्वीकृत अधिकारी के समक्ष प्रकरण आज भी प्रेषित नहीं किए गए हैं।

# अप्रैल माह में 481 करोड़ रुपये का ओरजिनेटिंग रेवन्यू अर्जित

**जबलपुर, नवभारत।** पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के माल यातायात में निरंतर वृद्धि हो रही है। महाप्रबंधक के मार्गदर्शन में बेहतर प्रदर्शन करते हुए पश्चिम मध्य रेल ने माह अप्रैल 2026 में 480 करोड़ 82 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित किया है। इसी प्रकार मण्डल स्तर बात करें तो माह अप्रैल 2026 में जबलपुर मण्डल ने रूपये 341 करोड़ 90 लाख, भोपाल मण्डल ने 65 करोड़ 86 लाख एवं कोटा मण्डल ने रूपये 73 करोड़ 06 लाख का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। उल्लेखनीय है कि पश्चिम मध्य रेलवे ने संपूर्ण वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रूपये 6080 करोड़ का ओरिजिनेटिंग राजस्व प्राप्त किया था, जो वर्ष 2024-25 कि तुलना में 15 प्रतिशत अधिक था तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य 5487 करोड़ 18 लाख रूपये ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से लगभग 11 प्रतिशत अधिक था। यह उल्लेखनीय बढ़ोतरी सतत मॉनिटरिंग एवं वाणिज्य तथा परिचालन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल और कोटा मंडलों में किए गए निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

### मालटीपाटपुर तक चलेगी वलसाड पुरी एक्सप्रेस

**जबलपुर, नवभारत।** ईस्ट कोस्ट रेलवे के खोरधा रोड मंडल के अंतर्गत पुरी स्टेशन पर प्लेटफार्म उन्नयन कार्य का कार्य किया जा रहा है7 इसके फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस दौरान जबलपुर से होकर गुज़रने वाली गाड़ी संख्या 22909/10 पुरी के स्थान पर मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त प्रारम्भ होगी। यह गाड़ी 17 व 24 मई को पुरी से रवाना होने वाली 22910 पुरी-वलसाड एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन से प्रारम्भ होगी तथा 21 व 28 मई को वलसाड से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 22909 वलसाड-पुरी एक्सप्रेस मालतीपाटपुर स्टेशन में समाप्त होगी।

समस्या | शहर के विभिन्न चौराहों पर आ रही यातायात में समस्या

# आए दिन खराब हो रहे ट्रैफिक सिग्नल

**जबलपुर, नवभारत।** नगर के एम्पायर टॉकीज स्थित कैरब्स स्क्वायर में ट्रैफिक कंट्रोल करने को लेकर लगाए गए सिग्नल आए दिन खराब हो रहे है। यह ट्रैफिक सिग्नल खराब होने से यातायात में कंट्रोल में व्यवधान हो रहा है। सिर्फ एम्पायर टॉकीज ही नहीं बल्कि यह समस्या पिछले कई दिनों से शहर के अलग-अलग चौराहों पर आ रही है।

इस पर निगम के अफसरों की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शहर की सडक़ों पर दिनोंदिन ट्रैफिक का बोझ बढ़ता जा रहा है। बता दे कि ट्रैफिक कंट्रोल को लेकर यातायात पुलिस के साथ ही ट्रैफिक सिंग्नल भी अहम रोल निभाते हैं।

### नहीं रहते जवान

सूत्रो की मानें तो शहर के कुछ स्थानों पर आए दिन ट्रैफिक सिग्नल में तकनीकी खराबी आ रही है। इन ट्रैफिक सिंग्नल पर तकनीकी खराबी आने से वाहन चालक कंफ्यूज हो जाते हैं। सबसे ज्यादा तकनीकी समस्या नौदरा ब्रिज, ब्लूम चौक एवं अन्य चौराहों पर आ रही है। इसके अलावा ग्वारीघाट रोड, रेलवे स्टेशन मार्ग के कई बार ट्रैफिक सिग्नल खराब हुए है। आलम यह है कि इन स्थानों पर ट्रैफिक पुलिस के न होने पर ट्रैफिक व्यवस्था कंट्रोल नहीं हो पाती है। इन चौराहे पर पुलिस न होने से यातायात बाधित होता है।

### बीटेक छात्रा से लूट

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत होम साईंस कालेज रोड पर एक्सिस सवार लुटेरे ने झपट्टा मारकर बीटेक छात्रा पर झट्टा मारकर उसका मोबाइल लूट लिया। पुलिस के मुताबिक रिया जाटव 20 वर्ष निवासी सुधा सागर विहार कॉलोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्लोबल कॉलेज जबलपुर में बीटेक की पढ़ाई कर रही है। वह दिशा कम्प्यूटर कोचिंग के लिए शिवाजी चौक से बस से उतरकर पैदल ब्लूम चौक की ओर जा रही थी जैसे ही दीपा इंटर प्राईजेज के पास होम साईंस कालेज रोड पहुंची शाम लगभग 5-10 बजे मोबाइल हाथ में रखी थी तभी पीछे से एक्सिस में सवार एक लड़का उसके हाथ से मोबाइल झपट्टा मारकर लेकर भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है ।